खास खबरें

सेंटर पॉईंट स्कूल ने जीता टीसीएस आयटी विझ

नागपुर : नागपुर के विभिन्न स्कूलों के से ज्यादा छात्रों ने मंगलवार सितंबर को डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल, सिविल लाइंस में आयोजित टीसीएस आयटी विज में हिस्सा लिया। भारत के सबसे बड़े आंतरविद्यालयी आयटी क्वीज समारोह - टीसीएस आयटी विज का आयोजन भारत की अग्रणी आयटी सेवा प्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया करानेवाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है। कक्षा वी से के विद्यार्थियों के लिए इस निशुल्क प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। नागपुर में यह प्रतियोगिता–से आयोजित की जाती है।

इस वर्ष की प्रश्नोत्तरी का विषय था 'डिफ़ॉल्ट इज डिजिटल।' टेक्नोलॉजी पर आधारित विश्वस्तरीय संकल्पनाओ पर इस प्रश्नोत्तरी के माध्यम से चर्चा होती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को भविष्य मं इसका फायदा होगा।

लिखित स्वरुप में प्राथमिक राउंड के बाद अंतिम राउंड के लिए छह टीमो का चयन हुआ। भारत में पंद्रह जगहों पर टीसीएस आयटी विझ का आयोजयन किया गया। इसमें अहमदाबाद, बंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोईम्बतूर, दिल्ली, हैद्राबाद, इंदोर, कोची, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपूर, पुणे व विशाखापट्टणम यह शहर शामील थे।

क्षेत्रीय अंतिम राउंड प्रश्नोत्तरी के पाच राउंड के बाद सेंटर पॉईंट स्कू ल (काटोल रोड) के मोहम्मद तहा उद्दीन और देवेश राजपूत इन छात्रों ने प्रतियोगिता में जीत हासिल की। प्रादेशिक अंतिम राउंड के दोनों विजेताओ को आयपॅड देकर तथा उपविजेता साबित हुए शिवाजी सायन्स ज्युनिअर कॉलेज के कुणाल वासनिक और ऋत्विक गुप्ते इन छात्रों को मिनी आयपॅड तथा स्मृतिचिन्ह व पदक देकर सन्मानित किया गया। इसी के साथ अंतिम राउंड में सहभागी सभी प्रतियोगियों को टीसीएस की ओर से स्पेस पॅक, सेल्फी स्टिक, इअरफोन्स, ब्लूटूथ स्पिकर्स व पेन ड्राइव्ह जैसे आकर्षक इनाम दिए गए। राष्ट्रस्तरीय अंतिम मुकाबले में भाग लेने के लिए विजेता टीम को एक शिक्षक/ पालक के साथ हवाई जहाज द्वारा मुंबई ले जाया जाएगा।